कार्यालय परियोजना प्रशासक, माँ रतनगढ़ परियोजना क्रियान्वयन इकाई
मौ, जिला भिंड (म. प्र.)

ई मेल – pamrpiu@gmail.com

पत्र क्रमांक- 57 तकनीकी/2024 मौ दिनांक 22-1-2024

प्रति,

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक(भू-प्रबन्ध)
वन भवन, लिंक रोड-2
तुलसी नगर, भोपाल

विषय :- जिला दतिया एवं जिला ग्वालियर के अंतर्गत माँ रतनगढ़ बहुउद्देशीय परियोजना के निर्माण हेतु 1305.142 हे. कार्यपालन यंत्री, हरसी उच्चस्तरीय नहर संभाग क्र. 2 डबरा जिला ग्वालियर को उपयोग पर देने बावत (FP/MP/IRRIG/40397/2019)

सन्दर्भ:- अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक(वन्य प्राणी) का आपको पृ. पत्र क्र. व प्रा./माचि./GEN-469/10105 भोपाल दिनांक 23/11/2023

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत शासन, नई दिल्ली में दिनांक 20/10/2023 को आयोजित वन सलाहकार समिति की बैठक के कार्यवाही विवरण के बिंदु क्र. 4 (xiib) में दर्शाया गया है कि सिंध नदी चम्बल नदी की सहायक नदी है एवं इसी कारण बिंदु क्र. 5 (i) में निर्देशित किया गया है कि नेशनल चम्बल घड़ियाल वाइल्ड लाइफ सेंक्चुअरी पर पड़ने वाले प्रभाव के लिए उत्तर प्रदेश शासन से अभिमत प्राप्त कर वाइल्ड लाइफ मैनेजमेंट प्लान में शामिल किया जाये |

उपरोक्त बिन्दुओं पर निवेदन है कि सिंध नदी चम्बल नदी की सहायक नदी नहीं है बल्कि सिंध नदी यमुना नदी की सहायक नदी है | सिंध नदी यमुना नदी से संगम स्थल (कंजोसा, उत्तर प्रदेश) तक चम्बल नदी तक पृथक रूप से बहती है | चम्बल नदी यमुना नदी से चकरपुर, उत्तर प्रदेश के समीप मिलती है एवं दोनों संगम स्थल में लगभग 10.50 किमी की दूरी है | स्पष्ट है कि दोनों नदी का कैचमेंट पृथक - पृथक है एवम एक Ridge Line इन्हें पृथक करती है |

बांध के डूब क्षेत्र की चम्बल अभ्यारण्य ई.एस.जेड. से हवाई दूरी 56.70 कि.मी. है तथा चम्बल अभ्यारण्य से हवाई दूरी 58.00 कि.मी. है |अतः निवेदन है कि इन तथ्यों के आधार पर स्पष्ट है कि ऐसी स्थिति में सिंध नदी पर प्रस्तावित इस बांध का नेशनल चम्बल घड़ियाल वाइल्ड लाइफ सेंक्चुअरी पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा | ऐसी स्थिति में नेशनल चम्बल घड़ियाल वाइल्ड लाइफ सेंक्चुअरी पर पड़ने वाले प्रभाव के लिए उत्तर प्रदेश शासन से अभिमत प्राप्त करने की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती है |

उपरोक्त तथ्यों की पुष्टि में वन मंडलाधिकारी के पत्र क्र. मा.चि./24/367 ग्वालियर दिनांक 19/01/2024 की प्रति संलग्न की जा रही है |

पुनः निवेदन है कि इन तथ्यों को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत शासन, नई दिल्ली के संज्ञान में लाना उचित होगा।

संलग्न :- उपरोक्तानुसार

(अनिल दीक्षित)
परियोजना प्रशासक
माँ रतनगढ़ परियोजना कार्यान्वयन इकाई
मौ जिला – भिंड (म. प्र.)

पृ. क्रमांक. 52 /तक /2024 मौ दिनांक 22.01.2024

प्रतिलिपि:-

(1) प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, भोपाल की ओर सूचनार्थ सादर प्रेषित।

(अनिल दीक्षित)
परियोजना प्रशासक
माँ रतनगढ़ परियोजना कार्यान्वयन इकाई
मौ जिला – भिंड (म. प्र.)

कार्यालय वन मण्डलाधिकारी, सामान्य वनमण्डल ग्वालियर

सेन्ट्रल नर्सरी, केप्टन रूप सिंह स्टेडियम के पास, सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म0प्र0)
Phone : 0751-2341166, Fax : 0751-2341166, E-Mail : dfotgwa@mp.gov.in

क्रमांक/मा.चि./24/367 ग्वालियर, दिनांक 19/01/2024

प्रति,

वनमण्डलाधिकारी,
सामान्य वनमण्डल, दतिया

विषय–दतिया एवं ग्वालियर जिलों में माँ रतनगढ़ बहुउद्देशीय सिंचाई परियोजना के निर्माण के लिए 1305.142 हेक्टेयर वन भूमि के प्रत्यावर्तन का प्रस्ताव।

संदर्भ–1–प्रधान मुख्य वन संरक्षक, (भू–प्रबंध) म.प्र. की टीप क्रमांक /270 दिनांक 17.05.2023
2–अपर प्रधान, मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी), म.प्र. भोपाल का पत्र क्रमांक/व.प्रा./मा.चि./बांध/GEN-469/5614 दिनांक 15.06.2023

विषयांकित प्रकरण में लेख है कि संदर्भित पत्र क्रमांक–1 से प्रधान मुख्य वन संरक्षक, (भू–प्रबंध) म.प्र. द्वारा दतिया एवं ग्वालियर जिलों में माँ रतनगढ़ बहुउद्देशीय सिंचाई परियोजना के निर्माण के लिए 1305.142 हेक्टेयर वन भूमि के प्रत्यावर्तन संबंधी प्रकरण में वन्यप्राणी शाखा का अभिमत चाहा गया है।

आपको संबोधित एवं इस कार्यालय को पृष्ठांकित संदर्भित पत्र क्रमांक–2 द्वारा प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यप्राणी म.प्र. द्वारा प्रस्तावित बांध से राष्ट्रीय चम्बल अभयारण्य के जलीय जीवों एवं उनके रहवास पर पड़ने वाले प्रभाव के संबंध में 03 बिन्दु उल्लेखित करते हुये तथ्यात्मक प्रतिवेदन अभिमत सहित मांगा गया है। उल्लेखित 03 बिन्दुओं के संबंध में तथ्यात्मक स्थिति निम्नानुसार है :–

1. **सिंध नदी, चम्बल नदी की सहायक नदी है। चम्बल नदी में राष्ट्रीय चम्बल अभयारण्य अधिसूचित होने से प्रस्तावित बांध से अभयारण्य/जलीय जीवों पर क्या प्रभाव पड़ेगा।**

सिंध नदी, यमुना नदी की सहायक नदी है, चम्बल नदी की नहीं। चम्बल नदी यमुना नदी से चकरपुर उत्तरप्रदेश स्थान पर मिलती है। जबकि सिंध नदी यमुना नदी से कंजौसा उत्तरप्रदेश स्थान पर मिलती है। इन दोनों स्थानों की परस्पर जलीय दूरी 10.50 कि.मी. है। चकरपुर मध्यप्रदेश एवं उत्तरप्रदेश की राज्य सीमा से 12.61 कि.मी. दूर (जलीय दूरी) होकर उत्तरप्रदेश राज्य में स्थित है। जबकि कंजौसा मध्यप्रदेश एवं उत्तरप्रदेश की राज्य सीमा से 7.90 कि.मी. दूर (जलीय दूरी) होकर उत्तरप्रदेश राज्य में स्थित है। इस प्रकार स्पष्ट है कि सिंध नदी, चम्बल नदी की सहायक नदी नहीं है।

2. **सिंध नदी एवं चम्बल नदी का संगम मध्यप्रदेश की सीमा से 16 कि.मी. की दूरी पर उत्तरप्रदेश में होना बताया गया है।**

चकरपुर मध्यप्रदेश एवं उत्तरप्रदेश की राज्य सीमा से 12.61 कि.मी. दूर (जलीय दूरी) होकर उत्तरप्रदेश राज्य में स्थित है। जबकि कंजौसा मध्यप्रदेश एवं उत्तरप्रदेश की राज्य सीमा से 7.90 कि.मी. दूर (जलीय दूरी) होकर उत्तरप्रदेश राज्य में स्थित है।

3. **मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय चम्बल अभयारण्य की सीमा चम्बल नदी में जहां समाप्त होती है वहां से इन नदियों के संगम की दूरी लगभग 100 कि.मी. दर्शायी गई है।**

मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय चम्बल अभयारण्य की सीमा चम्बल नदी में जहां समाप्त होती है वहां से चकरपुर की जलीय दूरी 37.40 कि.मी. तथा हवाई दूरी 27.20 कि.मी. है। जबकि कंजौसा से जलीय दूरी 47.90 कि.मी. एवं हवाई दूरी 28.10 कि.मी. है।

4. चम्बल एवं सिंध नदियों के यमुना नदी के साथ संगम स्थल अलग–अलग होने से स्पष्ट है कि चम्बल एवं सिंध नदी के केचमेन्ट क्षेत्र पृथक–पृथक हैं। एक रिजलाइन इन्हें पृथक करती है।
5. डूब क्षेत्र की चम्बल अभयारण्य ई.एस.जेड. से हवाई दूरी 56.70 कि.मी. है तथा चम्बल अभयारण्य से हवाई दूरी 58.00 कि.मी. है।

उपरोक्त तथ्यों के आधार पर कहा जा सकता है कि सिंध नदी पर प्रस्तावित बांध से राष्ट्रीय चम्बल अभयारण्य के जलीय जीवों एवं उनके रहवास पर प्रभाव पड़ने की संभावना नगण्य है।

संलग्न–विभिन्न स्थितियां दर्शाने वाले 05 मानचित्र।

(अंकित पाण्डेय)
वनमण्डलाधिकारी
सामान्य वनमण्डल ग्वालियर

पृ. क्रमांक/मा.चि./24/368 ग्वालियर, दिनांक 19/01/2024

प्रतिलिपि–

1–अपर प्रधान, मुख्य वन संरक्षक, (वन्यप्राणी), वन भवन, लिंक रोड–2, तुलसी नगर, भोपाल (म.प्र.) की ओर सूचनार्थ संप्रेषित।
2–अपर प्रधान, मुख्य वन संरक्षक, (भू–प्रबंध), वन भवन, लिंक रोड–2, तुलसी नगर, भोपाल (म.प्र.) की ओर सूचनार्थ संप्रेषित।
3–मुख्य वन संरक्षक, वन वृत्त, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ संप्रेषित।
4–परियोजना प्रशासक, माँ रतनगढ़ पी.आई.यू., मौ जिला भिण्ड की ओर सूचनार्थ।
5–वनमण्डलाधिकारी, सामान्य वनमण्डल मुरैना की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

वनमण्डलाधिकारी
सामान्य वनमण्डल ग्वालियर


Chakarpur to Kanjausa distance
Legend
10.50 KM
Shiv Mandir Bhareh
Chakarpur
10.50 KM
Bindeshwari Temple
Pachnada View Point (The Pachnada...
Kanjausa
Google Earth
Image © 2024 Airbus
Image © 2024 Maxar Technologies
N
3 km


Aerial distances of Submergence from Sanctuary and ESZ
Legend
10.50 KM
Chambal Sanctuary
58.10 KM
Chakarpur
Kanjausa
56.70KM
Submergence
Google Earth
Image © 2024 Airbus
Image Landsat / Copernicus
N
20 km


Riveral and Aerial distances of Kanjausa from Sanctuary
Legend
10.50 KM
Udi उदी
Maniya Mau मानिया मऊ
Samhon समहों
Ghasara घसरा
Achalda अछलदा
Ureng उरेंग
Chindoli चिंदोली
Bakewar बकेवर
Gohara गोहारा
Phoop फूप
Indraokhi इन्द्रोखी
Bhadakhur भादखूर
Kandhesi Dhar कंधेसी धार
Chambal Sanctuary
Mahewa माहेवा
Bhadsan भादसं
Phaphu
Atsu अतसु
Chakar Nagar चाकर नगर
Babarpur बाबरपुर
Kanavar कानावर
Nogawan नोगावां
28.10 KM
उमरी
Muradganj मुरादगंज
Umari उमरी
Hanumantpur हनुमंतपुर
Piproli Gadhiya पिपरोली गढिया
Bhareh भरेह
Jaswantpur जसवंतपुर
Chakarpur
Karampur करम
Sindaus सिंदौस
Lahroli लहरोली
Sarsai सरसई
Babayan बबयाँ
Chaurela चौरेला
Sagara सागरा
State Boundary
7.90 KM
Kanjausa
Dwar द्वार
Tehangur तेहंगुर
Google Earth
Image © 2024 Maxar Technologies
Image © 2024 Airbus
N
10 km


Riveral and Aerial distances of Chakarpur from Sanctuary
Legend
10.50 KM
Ghasa
Ureng उरेंग
Chindoli चि नदोली
Bakewar बकेवर
Gohara गोहारा
Indraokhi इन्द्रोखी
dakhur भादखूर
Kandhesi Dhar कधेसी धार
Chambal Sanctuary
Mahewa माहेवा
Bhadsan भादसं
Atsu अतसु
Chakar Nagar चाकर नगर
Babarpur बाबरपुर
Kanavar कानावर
27.20 KM
Nogawan नोगावां
37.40 KM
Hanumantpur हनुमंतपुर
Piproli Gadhiya पि पलोली गढि या
Murad
mari उमरी
Bhareh भरेह
Jaswantpur
Chakarpur
Sindaus सिं दोस
hroli लहरोली
Sarsai सरसई
12.61 KM
Babayan बवयाँ
Google Earth
N
Image © 2024 Airbus
Image © 2024 Maxar Technologies
State BoundaryChaurela चौरला
10 km


State boundary to Confluences distances
Legend
10.50 KM
Bansari
Bhareh
Chakarpur
Kunwarpur Kurchha
Sindaus
Birori
Bihar
Patharra
Kachahari
Lalupura
12.61 KM
Chaurela
State Boundary
7.90 KM
Bithauli
Kanjausa
Juhikha
Bilaund
Jaigha
Google Earth
4 km
N